हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

सोमवार, 14 सितम्बर, 2020/23 भाद्रपद, 1942 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री - वन मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 18

वर्षा से नुकसान

1143 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष बरसात के कारण पब्बर नदी में बाढ़ आने से नदी के किनारे बसे गांव संदासु व हरिजन बस्ती ढिबरी के साथ लगते गांवों को हुए नुकसान की भरपाई हेतु कितनी धनराशि प्रदान की गई; ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

1144 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत निर्माणाधीन बरशील, शिशारा पुल व सड़क और रोहल सड़क के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

एक्स-रे सुविधा

1145 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि नागरिक अस्पताल रोहड़ू में एक्स-रे सुविधा बंद पड़ी है; यदि हां, तो यह सुविधा कब तक शुरू कर दी जाएगी?

Forest Clearance

1146 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that how many works of the Public Works Department are pending for want of forest clearances in the Theog Assembly Constituency and since when; details of each work from conducting joint inspection to obtaining the forest clearances be given?

Out-Sourced Employees

1147 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during the last 3 years upto 31.07.2020, how many employees have been engaged on out-sourced basis in the Jal Shakti, Electricity, Health, HPMC and World Bank aided Horticulture Development Project; details of the name of the employees engaged with address and the company engaging them be given?

Dharma-Bagoti-Kadeog LWSS

1148 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) when the Dharma-Bagoti-Kadeog LWSS was made operational; for how many households was the scheme envisaged and to how many people it is actually supplying drinking water; and

(b) by when the water will be supplied to the residents of Barog and Sarog Panchayats?

पन बिजली परियोजना

1149 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)**ः

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में पांच मैगावाट तक की पन बिजली परियोजनाओं पर केन्द्र सरकार तथा प्रदेश सरकार कितनी उपदान राशि (सब्सिडी) कब-कब कितने चरणों में प्रदान करती है; और

(ख) उत्पादित विद्युत के क्रय हेतु सरकार द्वारा विद्युत क्रय अनुबन्ध के अन्तर्गत प्रति यूनिट कितनी राशि दी जाती है तथा परियोजना उत्पादन के समीपस्थ स्थान से विद्युत प्रेषण के लिए क्या व्यवस्था है?

स्वीकृत धनराशि

1150 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक लोक निर्माण मण्डलों में कितनी धनराशि आबंटित की गई; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र व मण्डलवार ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में 50 लाख व इससे ऊपर की कितनी सड़कों का कार्य पूर्ण किया गया; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें?

बी0पी0एल0 चयन

1151 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)**ः

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार बी0पी0एल0 में चयनित परिवारों का पुनः सर्वे करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

इनर लाइन बैरियर

1152 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि इनर लाइन बैरियर अक्पा से डुबलिंग शिफ्ट नहीं किया गया है; यदि हां, तो कारण; और

(ख) क्या नोटिफिकेशन के बावजूद अक्पा इनर लाइन बैरियर गैर-कानूनी है; यदि हां, तो सरकार इस सम्बन्ध में क्या कार्रवाई करेगी?

अक्पा पुल

1153 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि अक्पा पुल यातायात के लिए नहीं खोला जा रहा है; यदि हां, तो कारण;

(ख) क्या इस पुल के निर्माण को लेकर कोई जांच चल रही है; यदि हां, तो किस स्तर पर; जांच रिपोर्ट की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) यह पुल तकनीकी रूप से यातायात के लिए सुरक्षित है?

मनरेगा

1154 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि मनरेगा के अन्तर्गत जिला किन्नौर में 2 करोड़ रुपये से ज्यादा धनराशि Material Component की देनदारी है जिसके चलते असंख्य योजनाएं रुकी पड़ी हैं; यदि हां, तो कारण?

उप-मण्डलाधिकारी (ना0) कार्यालय

1155 **श्री नरेन्द्र बरागटा (जुब्बल-कोटखाई)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किस-किस विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कहां-कहां पर एक से अधिक उप-मण्डलाधिकारी (ना0) कार्यालय स्थापित हैं; ब्यौरा दें?

खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय

1156 **श्री नरेन्द्र बरागटा (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किस-किस विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में एक से अधिक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय स्थित हैं; ब्यौरा दें?

मल निकासी योजना

1157 **श्री नरेन्द्र बरागटा (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जुब्बल कोटखाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मल निकासी योजना सरस्वती नगर का शिलान्यास कब किया गया और यह योजना कब तक पूर्ण कर ली जाएगी; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

1158 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल(भटियात) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोला के दो कमरों व सीढ़ियों के निर्माण तथा अध्यापक भवन के मरम्मत कार्य हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; इन कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) यह कार्य किस विभाग तथा किस ठेकेदार से करवाया गया; ब्यौरा दें; और

(ग) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मनहुता के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी, यह कार्य किस वर्ष स्वीकृत हुआ था तथा किन कारणों से इस भवन का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका; ब्यौरा दें?

अटल आदर्श विद्यालय

1159 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार द्वारा प्रदेश के कितने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में अटल आदर्श विद्यालय खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई है तथा इनके भवन का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा; विद्यालयों का विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार शेष विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में कब तक अटल आदर्श विद्यालय खोलने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

1160 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला चम्बा के अन्तर्गत बिजली विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; इन पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा पदवार व विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांकः 29 अगस्त, 2020. **सचिव।**